Australian Government

myagedcare

अपने आकलन का परिणाम प्राप्त करें | **गृह देखभाल प्रदाताओं के बारे में पता लगाएँ और शुल्कों की गणना करें** | गृह देखभाल पैकेज प्राप्त करें | गृह देखभाल समझौते में प्रवेश करें | अपनी सेवाओं का प्रबंधन करें

# गृह देखभाल प्रदाताओं के बारे में पता लगाना - विचार और जाँचसूची

| किन बातों पर विचार करना चाहिए | क्यों |
|---|---|
| मेरे लिए कौन सी सेवाएँ महत्वपूर्ण हैं? | आपको प्रदाताओं के बारे में जाँच करनी होगी और यह पता करना होगा कि क्या वे आपके लिए महत्वपूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराते हैं, खासकर यदि आपकी कोई विशेष आवश्यकताएँ हों तो। उदाहरण के लिए, कुछ प्रदाता एक विशिष्ट भाषा जैसी सेवाएँ या मनोभ्रंश जैसी सेवाओं के प्रकार उपलब्ध कराने में विशेषज्ञ होते हैं।<br><br>आपको इस बात पर भी विचार करना चाहिए कि प्रदाता कहाँ स्थित है, क्योंकि इससे आपके यात्रा के समय में कमी आ सकती है और कुछ मामलों में यह यात्रा के साथ जुड़ी लागत को कम कर सकता है।<br><br>आप www.myagedcare.gov.au सेवा खोजकर्ता टूल का उपयोग करके या फिर **1800 200 422** पर My Aged Care को फोन करके अपने स्थानीय क्षेत्र में प्रदाताओं की खोज कर सकते/सकती हैं। |
| क्या मैं इस बात का चयन कर सकता/सकती हूँ कि मेरे लिए कुछ निश्चित सेवाएँ कौन प्रदान करेगा? | अपने गृह देखभाल पैकेज के भाग के रूप में आपको दी जाने वाली देखभाल और सेवाओं के प्रकारों, और कौन आपको ये सेवाएँ उपलब्ध कराता है, इसके बारे में आप अपनी राय दे सकते/सकती हैं। अपनी प्राथमिकताओं के बारे में संभावित प्रदाताओं के साथ यह समझने के लिए चर्चा करें कि वे इन्हें लागू कैसे कर सकते हैं। |
| प्रत्येक सेवा के लिए कितना शुल्क लगेगा? | अपने गृह देखभाल पैकेज के तहत आपको कौन सी सेवाएँ प्राप्त होंगी, इसका निर्णय आप करते/करती हैं। प्रत्येक सेवा के लिए कितना शुल्क लगेगा और आप किस प्रकार की सेवाएँ प्राप्त कर सकते/सकती हैं, यह जानकर आप अपने पैकेज से अधिक से अधिक मूल्य प्राप्त कर सकते/सकती हैं। प्रत्येक सेवा के लिए लगने वाले अलग-अलग शुल्क के लिए प्रदाता से पूछें। सेवाओं में कपड़े धोना, इस्त्री और बागवानी करना, या व्यक्तिगत सहायता जैसेकि कपड़े पहनना, स्नान करना, शौचालय का प्रयोग करना या भोजन बनाना और सेवन करना जैसे सामान्य समर्थन शामिल हो सकते हैं। इसमें नर्सिंग सेवाओं के साथ-साथ पहुँच सहायकों और उपकरणों के लिए समर्थन भी शामिल हो सकता है।<br><br>संभावित प्रदाताओं के पास अपने गृह देखभाल पैकेज के अनुमोदन पत्र और समर्थन योजना, तथा अपनी आय के आकलन के परिणाम की एक प्रति ले जाएँ (यदि आपके पास हो, तो), क्योंकि इससे आपको विचार-विमर्श में मदद मिलेगी। |
| मुझे प्राप्त होने वाली सेवाओं के शुल्क में मुझे कितना योगदान करना होगा? | आपसे अपनी सेवाओं के शुल्क में योगदान देने की उम्मीद की जा सकती है। इनमें से कुछ शुल्कों में सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जाएगी, लेकिन आपसे निम्नलिखित शुल्कों का भुगतान करने की उम्मीद की जा सकती है:<br>• एक बुनियादी दैनिक शुल्क<br>• एक आय-परीक्षित देखभाल शुल्क (यदि आपकी आय एक पूर्ण पेंशनभोगी के लिए अधिकतम आय से अधिक हो, तो आपसे इस शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा जा सकता है)<br><br>आप My Aged Care पर उपलब्ध शुल्क आकलनकर्ता www.myagedcare.gov.au/fee-estimator/home-care का उपयोग करके अपनी संभावित फीस के लिए एक अनुमान प्राप्त कर सकते/सकती हैं।<br><br>इसके बाद आप **1800 227 475** नंबर पर Department of Human Services द्वारा एक औपचारिक आय मूल्यांकन के लिए व्यवस्था कर सकते/सकती हैं। |

| | |
|---|---|
| क्या प्रदाता फीस लेता है? ये क्या कवर करती हैं? | प्रत्येक प्रदाता के पास देखभाल और सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ प्रशासन शुल्क जुड़ा होता है। आपको इस बारे में स्पष्ट होना चाहिए कि ये शुल्क क्या हैं और इससे आपके लिए उपलब्ध गृह देखभाल पैकेज पर क्या प्रभाव पड़ेगा। शुल्कों को अलग-अलग प्रदाता द्वारा अलग-अलग नामों से संबोधित किया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक शुल्क क्या कवर करता है, इसके बारे में स्पष्टीकरण माँगें। उदाहरण के लिए, उन्हें मामला प्रबंधन या मूलभूत सलाहकार फीस के रूप में सूचीबद्ध किया जा सकता है।<br>आपको यह भी पूछना चाहिए कि यदि आप बाद में प्रदाता बदलने का निर्णय लेते/लेती हैं, तो क्या वे निकासी शुल्क भी लेंगे। |
| सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रदाता कौन सी जाँचें पूरी करता है? | प्रत्येक प्रदाता से उसकी जाँच प्रक्रियाओं और देखभालकर्मियों के सेवार्थियों के साथ काम शुरू करने से पहले की जाने वाली जाँचों के बारे में पूछें। आप यह भी पूछ सकते/सकती हैं कि क्या उनका कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम है और वे देखभालकर्मियों के सेवार्थियों के साथ कार्य आरंभ करने से पहले किन योग्यताओं की उम्मीद रखते हैं।<br>गृह देखभाल प्रदाताओं को इस प्रकार से देखभाल और सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता होती है जो गृह देखभाल के आम मानकों को पूरा करे। यदि आप यह जानना चाहते/चाहती हैं कि ये मानक क्या हैं और ये कैसे काम करते हैं, तो प्रदाता के साथ बात करें। आप यह भी पूछ सकते/सकती हैं कि वे आपकी प्रतिक्रिया कैसे प्राप्त करते हैं और इसका उपयोग कैसे करते हैं। |
| प्रदाता के पास शिकायतों का प्रबंधन करने के लिए क्या प्रक्रियाएँ होती हैं? | प्रदाता से पूछें कि देखभालकर्मी में परिवर्तन का अनुरोध करने या सूचना अवधि के लिए उनके पास क्या प्रक्रियाएँ हैं, और/या अगर कोई शिकायत प्रक्रिया मौजूद है तो इसमें कौन सी लागत निहित होगी। आप अपनी देखभाल का निर्देशन स्वयं करते/करती हैं और इस बात पर आपका नियंत्रण होता है कि आपको देखभाल कौन, कहाँ और कब उपलब्ध कराता है। |
| क्या मैं प्रदाताओं के साथ अपनी चर्चा में परिवार के किसी सदस्य या देखभालकर्ता को ला सकता/सकती हूँ? | प्रदाता के साथ आपकी भेंट में बहुत सी जानकारी की चर्चा की जा सकती है, इसलिए अपने साथ परिवार के किसी सदस्य, दोस्त या देखभालकर्ता को ले जाना सहायक हो सकता है। इस बात पर चर्चा करें कि आपका परिवार आपके निर्णय लेने की प्रक्रिया में कैसे सहायक हो सकता है और प्रदाता किस प्रकार से आपके परिवार के सदस्य/देखभालकर्ता को आपकी देखभाल की योजना में शामिल कर सकता है। |

## जाँचसूची

☐ इस बात पर विचार करें कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है और संभावित प्रदाता आपकी ज़रूरत की सेवाएँ कैसे प्रदान कर सकते हैं और घर पर प्रबंधन करने में आपकी मदद कैसे कर सकते हैं।

☐ अपने स्थानीय क्षेत्र में प्रदाताओं की एक छोटी सूची बनाएँ:

- My Aged Care वेबसाइट **www.myagedcare.gov.au** पर उपलब्ध सेवा खोजकर्ता का उपयोग करें या
- **1800 200 422** नंबर पर My Aged Care से संपर्क करें

☐ आप संभावित प्रदाताओं से जो सवाल पूछना चाहेंगे/चाहेंगी, उन्हें तैयार करें - उपरोक्त तालिका में दिए गए विचारों का उपयोग मार्गदर्शन के रूप में करें।

☐ अपने परिवार/समर्थन नेटवर्क के साथ अपने विकल्पों के बारे में चर्चा करें।

## अगले कदम

☐ अगर आपने पहले से ही ऐसा नहीं किया है तो आपको अपनी देखभाल की लागत में कितना योगदान देने के लिए कहा जा सकता है, इसकी गणना करें:

- www.myagedcare.gov.au/fee-estimator/home-care वेबसाइट पर उपलब्ध नि:शुल्क आकलनकर्ता का उपयोग करें
- एक औपचारिक आय आकलन के लिए **1800 227 475** नंबर पर Department of Human Services को कॉल करें

☐ My Aged Care से अपने गृह देखभाल पैकेज के आवंटन की सूचना देने वाले पत्र की प्रतीक्षा करें। इसमें आपके लिए एक रेफरल कोड शामिल होगा जिसे आपको अपने पसंदीदा प्रदाता को प्रस्तुत करना होगा।
फिर आप बातचीत करके एक गृह देखभाल समझौते में प्रवेश कर सकते/सकती हैं और अपने गृह देखभाल पैकेज के तहत सेवाएँ प्राप्त करना शुरू कर सकते/सकती हैं।



11694 November 2016